दिनांक– 13 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली में लाल किला पर कार विस्फोट से जुड़े आतंकवादी हमले की निंदा की। घटना की जांच तत्परता के साथ करने के दिए निर्देश।
- केन्द्र सरकार ने पचीस हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ निर्यात संवर्धन मिशन को दी मंजूरी। देश के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला।
- गुजरात के एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास आयोजित 'भारत पर्व दो हजार पचीस' में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कहा–एकता की प्रतिमूर्ति है स्टैच्यू ऑफ यूनिटी।
- मुख्यमंत्री ने लखनऊ में एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप दो हजार पचीस की ट्रॉफी का किया स्वागत।

**********

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली कार विस्फोट में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए कल एक प्रस्ताव पारित किया और मारे गए लोगों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने हिंसा के इस संवेदनहीन कृत्य के पीड़ितों के प्रति अपना सम्मान और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

**मंत्रिमंडल ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत भर की कई सरकारों द्वारा व्यक्त एकजुटता और समर्थन के बयानों के लिए भी अपनी सराहना दर्ज की।**

मंत्रिमंडल ने निर्देश दिया कि घटना की जांच अत्यंत तत्परता के साथ की जाए जिससे अपराधियों, उनके सहयोगियों और षडयंत्रकारियों की पहचान की जा सके और उन्हें बिना किसी देरी के न्याय के कठघरे में लाया जा सके। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल ही लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल गये और सोमवार को दिल्ली में हुए धमाके के घायलों से मुलाकात की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि इस षड्यंत्र में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

**********

दिल्ली ब्लास्ट के बाद प्रदेश भर में जारी अलर्ट के दौरान हापुड़ जिले के पिलखुवा थाने की पुलिस ने अलग–अलग स्थानों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के पास से ढाई किलो ग्राम विस्फोटक और 38 किलोग्राम हाइड्रो फ्लोरिक एसिड केमिकल बरामद हुआ है। हापुड़ के अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

**सीतापुर के रहने वाले कुछ मजदूर लोग जो दिल्ली में और पानीपत में काम करते थे किसी फैक्ट्री में वहां से वह कुछ पदार्थ लेकर के आ रहे थे जो कि प्रतीत हुआ कि यह गंधक है लगभग 2 किलो और उसको उन्होंने बताया कि उसको नाल में चलाने के लिए और अपनी पराली जलाने के लिए इसको लेकर के जा रहे हैं। इसकी भी तसदीक करी जाएगी और इसका भी एक एफआईआर पंजीकृत हुई तो इस प्रकार से हमारी जो यह सर्चिंग का जो ऑपरेशन चल रहा है उसमें यह तीन घटनाएं प्रकाश में आई है। तीनों में अभियुक्त दर्ज किए गए हैं।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कल पचीस हजार करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ निर्यात संवर्धन मिशन को मंजूरी दे दी । एक रिपोर्ट–

**निर्यात संवर्धन मिशन–ईपीएम जैसी प्रमुख पहल की घोषणा इस वर्ष के बजट में भारत के निर्यात को विशेष रूप से एम.एस.एम.ई के पहली बार के निर्यातकों और श्रम क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए की गई थी। नई दिल्ली में कल केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह मिशन वित्त वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस से दो हजार तीस इकतीस तक निर्यात प्रोत्साहन के लिए एक व्यापक, लचीला और डिजिटल रूप से संचालित खाका उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि ईपीएम कई योजनाओं से परिणाम–आधारित और अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र में एक रणनीतिक बदलाव का प्रतीक है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

केन्द्र सरकार ने बढ़ते प्रदूषण पर स्वास्थ्य परामर्श जारी किया है। एक रिपोर्ट–

**केन्द्र सरकार द्वारा जारी परामर्श में शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में चेस्ट क्लीनिक स्थापित करने का आह्वान किया गया है। इन क्लीनिक को वायु प्रदूषण के दौरान प्रतिदिन कम से कम दो घंटे खुले रहने की सलाह दी गई है। परामर्श में लोगों को सड़कों और भारी यातायात वाले क्षेत्रों, उद्योगों के आसपास के क्षेत्रों और निर्माण तथा विध्वंस स्थलों जैसे उच्च वायु प्रदूषण वाले स्थानों से बचने की सलाह दी गई है। लोगों को सुबह और देर शाम बाहर टहलने, दौड़ने, जॉगिंग करने और शारीरिक व्यायाम करने से भी बचने को कहा गया है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में पहुंचने और वायु गुणवत्ता सूचकांक चार सौ एक से चार सौ पचास पहुंचने के बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में ग्रैप का तीसरा चरण लागू किया गया है। इसके तहत कई प्रतिबंध और दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। एक रिपोर्ट–

**दिल्ली एनसीआर में  वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' से बढ़कर 'गंभीर' स्तर पर पहुंच गई है। इसको देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने एनसीआर में ग्रैप–3 के सभी उपाय तुरंत प्रभाव से लागू कर दिए हैं। इस दौरान गैर जरूरी निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही बीएस–थ्री पेट्रोल और बीएस–फोर डीजल के चारपहिया वाहनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि आवश्यक वस्तुएं या आवश्यक सेवाएं प्रदान करने वाले वाहनों पर कोई रोक नहीं है। विशाल धर दुबे आकाशवाणी समाचार गौतमबुद्धनगर।**

प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर दर्ज किया गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लौहपुरूष भारतरत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती वर्ष पर गुजरात के एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास आयोजित 'भारत पर्व 2025' में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भारत की एकता की प्रतिमूर्ति है। श्री योगी ने कहा पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुश्मनों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने में समर्थ हुआ है।

**नया भारत, नया भारत, भारत की सुरक्षा, भारत की संप्रभुता और भारत की अखंडता के साथ कोई समझौता नहीं करता है। जो भारत की सुरक्षा में सेंध लगाएगा, उसकी कीमत चुकाएगा। जो भी भारत के नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा, उसकी कीमत उसे चुकानी ही पड़ेगी। जहां नया भारत समय आने पर उस प्रकार का जवाब देता है। पिछले 11 वर्षों में हमने इन सभी कार्यों को अपनी आंखों से देखा है। हर भारतवासी ने इसको महसूस किया है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन–एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप दो हजार पचीस की ट्रॉफी का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में जन्मे और हॉकी के जादूगर के तौर पर विख्यात मेजर ध्यानचंद तथा के.डी.सिंह बाबू को भी याद किया।

**हमारी सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण कार्य कर रही है। इसके साथ ही भारतीय हॉकी के यशस्वी जो खिलाड़ी थे श्री केडी सिंह बाबू की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए बाराबंकी में स्थित उनके पैतृक आवास को हॉकी इंडिया के अच्छे म्यूजियम को बनाने की कार्यवाही वहां पर वर्तमान में राज्य सरकार की चल रही है। उत्तर प्रदेश ने अनेक ऐसे हॉकी के खिलाड़ी दिए हैं जिन लोगों ने हॉकी इंडिया को गौरवान्वित करके भारत को दुनिया में एक सम्मान दिलाया है।**

एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप दो हजार पचीस का आयोजन अट्ठाइस नवंबर से दस दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होगा। टूर्नामेंट में विश्व के अलग–अलग देशों की 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं।

**********

प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल कल हरदोई में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने वंदे मातरम को भारत की मूल अवधारणा बताते हुए कहा कि लाखों युवाओं ने इसे गाकर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया।

**********

नई दिल्ली के आकाशवाणी भवन में कल लोक सेवा प्रसारण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल, आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन और दूरदर्शन के महानिदेशक के. सतीश नम्बूदरीपाद ने आकाशवाणी भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

**********